# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 24 जनवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### अधिकार की लड़ाई लड़ी जाएगी : अहमद

**सीहोर।** आज पूर्व जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष वरिष्ठ नेता शमीम अहमद के नेतृत्व में अनेक लोग जिलाधीश जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि एसआईआर अन्तर्गत चल रहे मतदाता सूचि के काम में सीहोर जिले में सीहोर जिले में वैध मतदाताओं के खिलाफ मतदाता सूचि से नाम हटवाने के लिये झुठी शिकायतें की गई हैं, समस्त जिलों से खबर आ रही है कि अनेक शिकायत कर्ता शिकायत करने मना कर रहें हैं, ऐसी स्थिति में जिलाधीश महोदय से मांग की गई है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जावे तथा वैद्य मतदाताओं को झुठी शिकायत के आधार पर एक भी मतदाता को मतदाता सूचि से उसका नाम ना हटाया जावे, अन्यथा हजारों लोग अपने मूल अधिकारी से वंचित हो जयेगें। इसी प्रकार छोटी-छोटी त्रुटियों पर भी नोटिस जारी किये जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उक्त त्रुटियों बीएलओ द्वारा ही सुधारी जा सकती है। अपील की है कि आपत्ति से सम्बंधित दस्तावेज समाल कर रखे आपत्ति का जवाब देने के बाद अगर आवश्यकता पड़ी तो उनके माध्यम से उनका मतदाता सूचि से नाम काटा जाता है तो उसे पुनः जुड़वाने की कोशिश की जावेगी, किसी भी स्थिति में सीहोर जिले में एक भी वैद्य मतादाता का नाम कटता है हम निश्चित तोर से उसके अधिकार की लड़ाई लड़ेगें और यदि माननीय न्यायालय जाना पड़ा तो न्यायालय जाएंगे।

### प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से संचालित नागरिक केन्द्रित सेवाएं अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। राज्य शासन द्वारा आम जन के लिये सरल, पारदर्शी व त्वरित ऑनलाइन सेवा शुरू की गई है। यह सेवायें एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले के सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

### गैर घरेलू कनेक्शन के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट होस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें।

### 25 से आमजनों के लिए खुलेगा लोकभवन

**सीहोर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 25 जनवरी से लोकभवन आमजनों के लिए खोला जा रहा है। नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक निर्धारित समयावधि में लोकभवन का भ्रमण कर सकेंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि लोकभवन 25 जनवरी एवं 27 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के दिन, लोकभवन भ्रमण का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकभवन भ्रमण के लिए आने वाले नागरिक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में वाहन पार्किंग कर सकेंगे। लोकभवन में प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा और निकास गेट क्रमांक- 4 से होगा। भ्रमण के समस्त रूट में आमजन लोकभवन की ऐतिहासिकता, सजावट और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह के साथ ही अन्य आयोजन भी हुए संपन्न

# मुख्यमंत्री कन्यादान में 173 जोड़े बंधे परिणय बंधन में, 27 के निकाह भी हुए



**जागरण, सीहोर।** शहर सहित जिले भर में बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने यहां अपने घरों पर मॉ सरस्वती का पूजन अर्चन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं मंदिरों भी पहुंचकर विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए बसंत पंचमी के मौके पर निकटवर्ती तहसील मुख्यालय इछावर में भव्य सामुहिक मुख्यमंत्री कन्यादान के तहत संपन्न कराया गया जिसमें 173 जोड़ो ने अग्नि के फेरे लेकर अपना वैवाहिक जीवन आरंभ किया तो वहीं 27 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। कुल मिलाकर इछावर में आयोजित इस सामुहिक विवाह समारोह में 200 जोड़े परिणय बंध में बंधे।

### प्रभारी मंत्री वर्मा ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत इछावर में भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने नवदंपतियों को भावी दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 173 जोड़ों का विवाह तथा 27 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। समारोह में बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### शासन की उपलब्धियां भी बताईं

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के साथ-साथ जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्का मकान का सपना साकार हो रहा है तथा पात्र परिवारों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से नागरिकों को अच्छे अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जिसे सरकार की योजना का लाभ न मिल रहा हो। शासन की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलू शंकर जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिरों में भी प्रातः से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे विशेषकर देवी मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर परिवार में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। वहीं पीले वस्त्र धारण कर त्योहार की सार्थकता भी साबित की।

## हजारों श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा 45 जोड़ों ने डाली आहुतियां



**जागरण, सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार संयुक्त मां कालका उत्सव समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रसिद्ध करोली माता मंदिर में सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के तीसरे दिन यहां पर मौजूद विप्रजनों के मार्गदर्शन में यहां पर 45 जोंडों ने आहुतियां दी, इसके अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर महायज्ञ की परिक्रमा की जा रही है। आज परिक्रमा करने वालों में महंत अनिलानंद जी, पं दुर्गा प्रसाद कटारे, पं हरि प्रसाद तिवारी, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित सैंकड़ों श्रद्धालु पुम्रख रूप से शामिल हुए। भक्तों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार 11, 21, 51, 108, 151 और 201 बार यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। महायज्ञ में हजारों की संख्या में भक्तों का तांता लगा हुआ है। शुक्रवार को कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी यज्ञ स्थल पर पहुंचे थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि शाम को आरती के पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान तरुण राठौर सहित पूरी टीम ने यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसादी प्रदान की। यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के सानिध्य में किया जा रहा है। जो ऐतिहासिक है। इसमें सप्तशती का पाठ और यज्ञ में आहुतियां दी जा रही है। प्रतिदिन सुबह सात बजे से शाम तक यज्ञ किया जाता है और इसके पश्चात नगर भोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

यज्ञाचार्य पंडित श्री शर्मा ने बताया कि माघ गुप्त नवरात्रि का पांचवा दिवस है। मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृ स्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकडा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णत शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं।

## जांगिड़ समाज ने धर्मशाला निर्माण के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीहोर।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने समाज के बहुप्रतीक्षित विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए विधायक सुदेश राय को ज्ञापन सौंपकर विधायक निधि से आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। यह ज्ञापन जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज सीहोर एक पिछड़ा एवं आर्थिक रूप से कमजोर समाज है। समाज के पास अब तक कोई स्थायी धार्मिक स्थल या धर्मशाला नहीं थी, जिससे सामाजिक, धार्मिक एवं संस्कारिक कार्यक्रमों का आयोजन सम्मानपूर्वक किया जा सके। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज द्वारा अंडर ब्रिज के पास मुरली क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नंबर 178, वार्ड नंबर 12, पटवारी हल्का नंबर 37 पर विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण का संकल्प लिया गया। निर्माण समिति अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा ने बताया कि समाज के लोगों ने सीमित साधनों के बावजूद तन-मन-धन से सहयोग कर भवन का फाउंडेशन कार्य पूर्ण कर लिया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज में विधायक सुदेश राय को समाज का सच्चा हितैषी माना जाता है। समाज को पूर्ण विश्वास है कि विधायक निधि से सहयोग मिलने पर यह मंदिर एवं धर्मशाला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद समाजजनों के लिए सामाजिक उत्थान का माध्यम भी बनेगी।

## कॉलेज में बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**जागरण, सीहोर।** चन्द्रशेखर आज़ाद अग्रणी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण शंकर प्रजापति, प्र.प्राचार्य डॉ. नितिन बातव, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शीलचंद गुप्ता जी, डॉ. तृप्ता झा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा वैदिक मंत्रोच्चारण सहित विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. सिद्धनाथ खजूरिया सर ने वसंत पंचमी के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उनके उद्बोधन में विद्या, विवेक और संस्कार की भारतीय अवधारणा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं साहसपूर्ण नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक चेतना के संदेश के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रेरणास्पद रहा।



### हाई स्कूल मंडी में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व

**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में उत्साह पूर्वक बसंत पंचमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ज्ञान की देवी मां सरस्वतीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सरस्वती वंदना गाई गई। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति और खासकर विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व है। बिना ज्ञान के मनुष्य का जीवन पशुतुल्य है। हमारे शास्त्रों में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को माना गया है, इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा माता सरस्वती की आराधना करना चाहिए। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं के साथ छात्रों ने भी संबोधित किया।

## 19 अप्रैल से संतों का समागम, कथा के साथ किया जाएगा मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**जागरण, सीहोर।** शहर के मध्य बस स्टैंड में करोड़ों की सहयोग राशि से शहरवासियों के तत्वाधान में बाला जी की तर्ज पर हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस मंदिर में सप्तऋषियों के अलावा भगवान राम का दरबार, भगवान शिव और हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान होगी। इसको लेकर शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभअवसर पर शहर के बढियाखेड़ी स्थित खेडापति हनुमान मंदिर से भव्य ध्वजारोहण चल समारोह निकाला गया। इसके पश्चात बस स्टैंड स्थित मंदिर के समक्ष आगामी 19 अप्रैल को होने जा रहे महोत्सव को लेकर जयंती कालोनी में ध्वजारोहण किया गया।



इस मौके पर मंदिर में समिति के संरक्षक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहाकि सनातन धर्म को जोड़ने के लिए संगठित किया जा रहा है। शहर के मध्य हनुमान मंदिर का निर्माण इस उद्देश्य से किया जा रहा है। इसमें समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा आदि जन शामिल हुए।

शुक्रवार को 21 कुण्डिय श्रीराम महायज्ञ का ध्वजा रोहण किया गया है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर मठ मंदिर समिति के अनिलानंद महाराज, नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे, पंडित दीपक शास्त्री विदिशा आदि बड़ी संख्या में विप्रजन और क्षेत्रवासी शामिल थे।

संत श्री कटारे ने कहाकि भगवान शिव आदि शक्ति व जन-जन के गुरु हैं। मानव ही नहीं देवी देवताओं ने भी गुरु माना है। इसलिए उन्हें देवों के देव महादेव कहा गया है। वर्तमान स्थिति में जो लोग शिव चर्चा व पूजा से दूर होकर अंधविश्वास की ओर कार्य करते हैं। उन्हें हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**सीहोर।** जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत मंडल, सामाजिक न्याय, कृषि विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा स्थानीय समस्याओं एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया और सुझाव भी दिए गए।

कथावाचक पंडित चेतन उपाध्याय बोले- विनम्रता भाव से शीश झुकाना भी सच्ची भक्ति, भागवत कथा में गोवर्धन पूजा, भक्तों को कर्मयोग का संदेश दिया

# भक्त को मिलता है मोक्ष, सबकी मृत्यु सात दिनों में है निश्चित : पं. रविशंकर तिवारी

**जागरण, सीहोर।** राजा परिक्षित की मृत्यु सात दिनों में निश्चित थी भागवत कथा भी सात दिनों में निश्चित है साप्ताह में भी सात दिन होते है। सबकी मृत्यु सात दिनों में ही निश्चित है आठवां दिन नहीं होता है इस लिए प्रभू की भक्ति में स्वयं को इतना मजबूत बना लो की भगवान भक्त की इच्छा पूरी करने के लिए विवश हो जाए,उक्त उद्गार शुक्रवार को भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने व्यक्त किए। हनुमान फाटक मंदिर कस्बा परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास गादी से महाभारत प्रसंग, परिक्षित जन्म एवं शुकदेव आगमन प्रसंग सुनाते हुए




पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि प्रभू में किसी भी प्रकार से निष्ठा कम नहीं होनी चाहिए निष्ठा अगर कम हुई तो प्रभू नहीं मिलेंगे। नेमिशारण वन में 28 हजार संत निवास करते है इस लिए यह प्रभू संतों के लिए प्रगट होते है। संतों की सेवा का अवसर भगवान भी प्राप्त करने के लिए प्रयासरत होते है। उन्होने कहा कि भगवान के प्रसाद को लेकर भ्रम में नहीं रहना चाहिए उपवास में भी सभी देवी देवताओं का प्रसाद ग्रहण करना चाहिए ब्राहम्मा विष्णू महेश एक है इन में कोई अंतर नहीं है सब जग के पालनहार है। नारायण जी का भजन करलो रामजी या शिवजी का यह एकाकार है। भगवान का कण कण प्रसाद के सामान है हरिनाम में पूरा संसार है।

### गोवर्धन पूजन किया गयां

शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिवस पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर उनकी आराधना की गई, जिससे पूरा पंडाल श्रद्धा और उत्साह से भर गया। इस मौके पर भगवान के द्वारा गोवर्धन पूजा के अलावा भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणी के बारे में वर्णन किया गया। अब शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।



शुक्रवार को कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और अघासुर वध का वर्णन और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर इंद्र का अहंकार तोड़ने की कथा, माखन चोरी, और कालिया नाग मर्दन का प्रसंग सुनाया, जो भक्तों को अहंकार त्यागने व कर्मयोग का संदेश देता है। भक्ति, नम्रता और विश्वास के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि ईश्वर अहंकार या वैभव से नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति और पूर्ण विश्वास से प्रकट होते हैं। रामायण की प्रसिद्ध चौपाई होईह सोई जो राम रची रखा का उदाहरण देते हुए उन्होंने श्रोताओं को कर्मयोग का संदेश दिया। परमात्मा के समक्ष कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। फल, पुष्प या दोनों हाथ जोड़कर विनम्र भाव से शीश झुकाना भी सच्ची भक्ति का प्रतीक है। आत्मबोध को सरल उदाहरणों से समझाते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दही के मंथन से मक्खन प्राप्त होता है, उसी प्रकार शरीर रूपी दही का मंत्र और साधना रूपी मंथन करने से श्रेष्ठ आत्मा का प्राकट्य होता है, जो अंततः परमात्मा में विलीन हो जाती है। उन्होंने मक्खन को आत्मिक शुद्धता और स्थायित्व का प्रतीक बताया।

## न्यूज कार्नर

### किसानों को नई योजना की जानकारी दी गई

**जागरण बुधनी।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को खेती से जुड़ी नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं और नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश भर के साथ-साथ सीहोर जिले में भी कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली (नरवाई) प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। विकासखंड बुधनी में कृषि रथ ग्राम पंचायत खंडावर एवं होलीपूरा में पहुंचा जहां किसानों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और जागरूक किया गयाकृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर एवं पाइपलाइन के लाभ बताए गए। साथ ही इन योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे किसान आसानी से योजना का लाभ ले सकें।कृषि यंत्रों पर अनुदान की जानकारी कृषि अधिकारियों ने किसानों को कृषि यंत्रों जैसे पावर स्प्रेयर एवं कटर मशीन के लिए उपलब्ध अनुदान योजनाओं तथा उनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से भी अवगत कराया।इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान संबंधी मार्गदर्शन दिया।

### कलेक्टर बालागुरू के. करेंगे ध्वजारोहण

**सीहोर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित सूची अनुसार कलेक्टर श्री बालागुरू के. 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीहोर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

### राजस्व मंत्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा 24 जनवरी को दोपहर 01 बजे सीहोर जिले के बरखे?ी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 02 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चंद्रपुरा में 27 से बहेगी भागवत ज्ञान की गंगा

**जागरण,रमगढ़ा।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा में आगामी 27 से 2 फरवरी तक भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन का तीसरा वर्ष है। इस सात दिवसीय भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह में मालवा माटी के सुप्रसिद्ध संत गीता प्रसाद शर्मा के द्वारा कथा का वाचन किया जावेगा। आयोजन की शुरुआत 27 जनवरी को कलश यात्रा के साथ की जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल होंगे। कथा के दौरान 31 जनवरी को विशेष रूप से नानी बाई का मायरा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जो कि भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा।

### महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई और एक अन्य महिला को मौत के मुँह से बाहर निकाला

# अस्पताल की टीम ने महिला डॉक्टर की कमी के बावजूद बचाई दो महिलाओं की जान



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों यदि संकल्प और साहस का मेल हो तो विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता की इबारत लिखी जा सकती है। ऐसा ही कुछ नजारा भैरुंदा के सिविल अस्पताल में देखने को मिला। जहाँ गायनोकोलॉजिस्ट (महिला डॉक्टर) की अनुपस्थिति के बावजूद मेडिकल टीम ने अपनी तत्परता और विशेषज्ञता से एक आदिवासी महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई और एक अन्य महिला को मौत के मुँह से बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक लाड़कुई से रेफर होकर आई सिराली निवासी रीना (पति राजाराम बारेला) को अत्यंत गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल लाया गया था। प्रसूता की स्थिति चिंताजनक थी उसका ब्लड प्रेशर बड़ा हुआ था और पल्स रेट भी सामान्य नहीं थी। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार ऐसी स्थिति में जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जोखिम बड़ जाता है। अस्पताल में महिला डॉक्टर की कमी के बावजूद, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राहुल जाट और उनके पैरामेडिकल स्टाफ ने विचलित होने के बजाय सूझबूझ दिखाई। टीम की कड़ी मेहनत का ही परिणाम रहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। प्रसूता और नवजात की अतिरिक्त स्वास्थ्य सुरक्षा और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए बाद में उन्हें हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछला कुछ समय अस्पताल के लिए तनावपूर्ण रहा था। पूर्व में हुई एक आदिवासी महिला की मृत्यु के बाद आक्रोश के चलते महिला डॉक्टर रुक्मणी गुलहारिया का स्थानांतरण इछावर कर दिया गया था। ऐसे रिक्त पद और दबाव के बीच इस सफल डिलीवरी ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास पुनः बहाल करने का कार्य किया है।

बुधवार को ही एक अन्य मामले में डॉक्टरों की जांबाजी देखने को मिली। गोरखपुर निवासी 25 वर्षीय शहजादी (पति राहू) को परिजन नाजुक हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। महिला के पेट में ही बच्चे की मौत हो जाने के कारण संक्रमण पूरे शरीर में फैल रहा था। अस्पताल पहुँचते ही बीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत इलाज शुरू किया। जांच में पाया गया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण महिला का हीमोग्लोबिन स्तर गिरकर मात्र 6.7 रह गया था। डॉ. सारस्वत ने बिना समय गंवाए मरीज को ऑपरेशन थिएटर में लिया और लगभग 4 घंटे से अधिक चले जटिल ऑपरेशन के माध्यम से फुल अबॉर्शन की प्रक्रिया पूरी की। देर रात महिला को ब्लड चढ़ाकर उसकी स्थिति स्थिर की गई, जिसके बाद बेहतर देखभाल के लिए उन्हें जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष सारस्वत ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में डॉक्टर राहुल जाट और पूरी पैरामेडिकल टीम ने जिस समर्पण भाव से कार्य किया, वह अत्यंत सराहनीय है। यह सकारात्मक कदम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बनी चिंताओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा।

## बाघ की मौत से हड़कंप, हर आशंका पर वन अमला कर रहा जांच



**जागरण बुधनी।** बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत भीमकोठी के जंगल में एक बाघ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे वन अमले में हड़कंप मच गया। जैसे ही जंगल में बाघ की मौत की सूचना सामने आई, वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए टाइगर रिजर्व के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। मौके पर एसडीओ रेंजर सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डॉक्टरों की टीम द्वारा मौके पर ही बाघ के शव का प्रारंभिक परीक्षण किया गयाघटना के बाद वन विभाग ने पूरे इलाके में गश्त बढ़ा दी है। आसपास के जंगलों में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि, शिकार या जहर जैसी आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। वन अमले को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी साक्ष्य से छेड़छाड़ न होने दी जाए।पहले भी हो चुके हैं ऐसे मामले

बताया जा रहा है कि भीमकोठी क्षेत्र में पूर्व में भी कई वन्यजीवों की मौत के मामले सामने आ चुके हैंद्यरेंजर ने बताया कि बाघ की मौत के कारणों की पुष्टि के लिए उसके सैंपल वेटरनरी हॉस्पिटल जबलपुर भेजे गए हैं, वहीं कुछ सैंपल बरेली लैब भी भेजे गए हैं। इन जांचों के माध्यम से यह स्पष्ट किया जाएगा कि कहीं बाघ को जहर तो नहीं दिया गया था। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पोस्टमार्टम एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि बाघ के शरीर का कोई भी अंग गायब नहीं पाया गया है, जिससे शिकार की आशंका से फिलहाल इनकार किया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## टीम ने फाइनल में बनाई जगह, क्षेत्र के 4 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** खेलो एमपी प्रतियोगिता में जिले की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में सीहोर की टीम ने राजगढ़ के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। राजगढ़ द्वारा दिए गए 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीहोर के बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट खोए मैच जीतकर मैदान मार लिया। नगर के लिए यह गौरव का पल है कि इस सफल टीम में भैरुंदा के 4 होनहार खिलाड़ी दिव्यांशु वर्मा, पीयूष प्रधान, रोनक शर्मा और भविष्य पंवार शामिल हैं। संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के बाद अब ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चींच के छात्र दिव्यांशु वर्मा का चयन अंडर-19 संभाग स्तरीय टीम में हुआ है। जो 21 से 24 जनवरी तक भोपाल के बाबे-अली और ओल्ड कैंपियन मैदानों पर आयोजित स्पर्धा में हिस्सा लेगे। खिलाड़ियों की स्वर्णिम सफलता के पीछे उनके कोच राकेश पंवार की 11 वर्षों की कड़ी मेहनत है। पंवार वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चींच में पीटीआई के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य प्रभारी नारायण सिंह पंवार सहित समस्त स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाडियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। एक साथ चार खिलाडियों का राज्य स्तर के लिए तैयार होना क्षेत्र के खेल इतिहास के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### निरोगी काया की तिरंगा यात्रा ने जगाया राष्ट्रप्रेम

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और जब यह स्वास्थ्य राष्ट्रभक्ति के साथ मिल जाए तो देश प्रेम की अलख दिखाई देती है। कुछ ऐसा ही नजारा शुक्रवार की सुबह भैरुंदा के स्थानीय खेल मैदान पर देखने को मिला। यहाँ सक्रिय निरोगी काया टीम के तत्वावधान में सुबह 7 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसने पूरे मैदान को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। इस दौरान स्टेडियम परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा। हाथों में ससम्मान लहराते तिरंगे और कदमों में राष्ट सेवा का संकल्प लिए जब यह यात्रा शुरू हुई,तो ऐसा लगा मानो पूरा मैदान तिरंगे के तीन रंगों में समा गया हो। इस तिरंगा यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सहज और व्यापक जन-भागीदारी रही। मैदान के चारों ओर भ्रमण करते हुए इस यात्रा ने शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया। काया टीम का उद्देश्य लोगों को बीमारियों से मुक्त करना है।

## सांदीपनि विद्यालय में ज्ञान और वीरता का संगम बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस आयोजित




**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जहाँ एक और विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर ज्ञान का वंदन किया गया। वहीं दूसरी और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके शौर्य को याद किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती पूजन के साथ ही राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि नवचेतना और सृजनशीलता का प्रतीक है जो विद्यार्थियों में विवेक विकसित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक शिक्षा वही है जो संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करे। पराक्रम दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस और त्याग की अनुपम मिसाल है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य बताते हुए उन्हें नेताजी के पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के उपस्थित सदस्यों ने सत्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अडिग रहने का सामूहिक संकल्प लिया।

## बसंत पंचमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की पूजा, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



**जागरण बुधनी।** बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ नगर के ओरिएंटल हायर सेकेंडरी स्कूल मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पूजन कार्यक्रम डॉ. ए.के. विश्वास एवं पंडित मिथिलेश शर्मा के सान्निध्य में किया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की पूजा संपन्न कराई और विद्यालय के प्राचार्य समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को ज्ञान, विद्या और सद्बुद्धि का महत्व बताया।विद्यार्थियों ने की मां सरस्वती की वंदनापूजन के दौरान विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर शिक्षा, बुद्धि और सफलता की कामना की।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### सूची से नाम कटवाने की हो रही साजिश

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी की कोशिशों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लाडकुई ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ब्लॉक अध्यक्ष चन्दर मीणा के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे गए एक शिकायत पत्र में यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र के कुछ शरारती तत्वों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए झूठे आवेदन दिए जा रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन को अवगत कराया कि यह अज्ञात व्यक्ति जो शिकायतें कर रहे हैं। उनमें अपना नाम, पता या मोबाइल नंबर तक दर्ज नहीं कर रहे हैं। जिससे यह स्पष्ट होता है कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि बिना किसी ठोस जांच और भौतिक सत्यापन के किसी भी मतदाता का नाम सूची से न हटाया जाए।

### ज्ञान दीप विद्या मंदिर में गूंजी माँ सरस्वती की वंदना

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्थानीय ज्ञान दीप विद्या मंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सरस्वती पूजन एवं सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। पूरा विद्यालय परिसर पीले फूलों और सजावट से बसंत के रंग में रंगा नजर आया। मुख्य संबोधन देते हुए विद्यालय के प्राचार्य के.के. व्यास ने बसंत पंचमी के आध्यात्मिक और शैक्षणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि ज्ञान, कला और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की आराधना का संकल्प दिवस है।

## डीडी कॉन्वेंट स्कूल के खिलाडियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन, बुधनी के लिए गर्व की बात




**जागरण बुधनी।** बुधनी नगर के डीडी कॉन्वेंट स्कूल बुधनी के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन डीडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, बुधनी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर मेहनत हो, तो छोटे शहरों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। विद्यालय के चारप्रतिभाशाली विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होना न केवल विद्यालय बल्कि पूरे बुधनी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है।

हाल ही में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, फुर्ती, टीम भावना और रणनीतिक समझ का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आई मजबूत टीमों के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबलों में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप चार खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया।राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों मेंकृष्णा यादव, करण इवने, शिवानी पटेल एवं डिंपल मालवीय के नाम शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी विद्यालय में कोच विकास सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच राजपूत ने बताया कि खिलाड़ी प्रतिदिन कठिन अभ्यास, फिटनेस ट्रेनिंग और तकनीकी प्रशिक्षण से गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बनाए रखना इन खिलाड़ियों की सबसे बड़ी ताकत है। कोच विकास सिंह राजपूत के अनुसार, इन खिलाड़ियों ने इससे पूर्व भी कई जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि वर्षों की मेहनत, आत्मअनुशासन और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग का परिणाम है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ी 23 से 27 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर (नेशनल कैंप) में भाग लेंगे, जहाँ उन्हें देश के अनुभवी प्रशिक्षकों से उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस प्रशिक्षण शिविर के बाद खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।विद्यालय के डायरेक्टर जे.के. त्रिपाठी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, कोच और विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय की खेल-केंद्रित शिक्षा नीति और सकारात्मक वातावरण का परिणाम है।

### बोरखेड़ा कलाँ बालिका क्रिकेट टीम की लगातार दसवीं जीत

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** खातेगांव में सुषमा स्वराज स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान खातेगांव और बोरखेड़ा कलां की बालिका क्रिकेट टीम के बीच खिताबी मुकाबला हुआ। जिसमें बोरखेड़ा क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और मेजबान खातेगांव को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। 8 ओवर के इस मुकाबले में खातेगांव बालिका क्रिकेट टीम ने निर्धारित ओवर में 35 रन बनाए। बोरखेड़ा टीम की और से दीक्षा पंवार ने सर्वाधिक 3 विकेट,सुहाना धावरे ने 2 विकेट ओर निशा पंवार ने 2 विकेट लिए। जबाब में बोरखेड़ा की टीम ने यह लक्ष्य मात्र तीन ओवर में ही हासिल कर लिया बोरखेड़ा की ओर से निशा पवांर ने सर्वाधिक 25 रन बनाकर जीत दिलाई। इस तरह मुकाबला बोरखेड़ा क्रिकेट टीम ने तीन ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान पर अपने नाम किया। बोरखेड़ा की और से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर निशा पवांर को प्लेयर ऑफ मैच चुना गया। खातेगांव नगर परिषद की अध्यक्षा ने बोरखेड़ा क्रिकेट टीम की तारीफ करते हुए टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सीहोर शाखा, लीसा टाकीज के पास, मेन रोड, सीहोर फोन : 07562-405248

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 का 2002) के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित (नियम 3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूको बैंक, सीहोर शाखा, सीहोर** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **18.08.2025** को निम्न वर्णित ऋणी एवं सहऋणी को डिमांड नोटिस जारी किया एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
ऋणी एवं सहऋणी ने ऋण अदा करने में चूक की है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि यूको बैंक ने अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 एवं उपधारा (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **19.01.2026** को ले लिया है।
ऋणी एवं सहऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियोंके साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **यूको बैंक, सीहोर शाखा सीहोर** के अधीन होगा। ऋणी एवं सहऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणी: (1) **श्री शिवलाल वर्मा पुत्र श्री बाबूलाल** (2) **श्रीमती ज्योति पत्नि श्री शिवलाल वर्मा** | दो मंजिला आवासीय मकान, मकान नंबर 87, खसरा नंबर 330/2, राशि किराना स्टोर के पास, तहसील- सीहोर, जिला- सीहोर (म.प्र.) 466001 विक्रय पत्र क्रमांक MP350372016A1285895 दिनांक 19/05/2016, क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट। चर्तुसीमाएँ:- पूर्व- श्री नवीन चतुर्वेदी मकान, पश्चिम- श्री गणेश चौहान मकान, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- श्री कैलाश देशवलिया मकान | दिनांक 29.07.2025 को ₹ 9,95,952.65 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

स्थान-सीहोर, दिनांक 19.01.2026 प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

**-: जाहिर सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने (1.) घासीराम पुत्र श्री गोपीलाल, आयु-वयस्क, निवासी-श्यामपुर, सीहोर, म.प्र., के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की 02 किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 185/2/1/1/1/3(S) रकबा 0.1220 हैक्टेयर, एवं खसरा क्रमांक 185/3/1(S) रकबा 0.3320 हैक्टेयर दोनों खसरों का कुल रकबा 0.454 हैक्टेयर अर्थात् 1.12 एकड़/डेसिमल भूमि, (2.) रामकृष्ण पुत्र श्री कैलाशचंद्र, आयु-वयस्क, निवासी-श्यामपुर, सीहोर, म.प्र., के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की 01 किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 185/3/2(S) रकबा 0.3240 हैक्टेयर, अर्थात् 0.80 एकड़/डेसिमल भूमि, (3.) ओमप्रकाश पाटीदार पुत्र श्री दोलाजी पाटीदार, आयु-वयस्क, निवासी-श्यामपुर, सीहोर, म.प्र., के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की 01 किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 185/3/3(S) रकबा 0.1010 हैक्टेयर, अर्थात् 0.25 एकड़/डेसिमल भूमि, (4.) बद्रीप्रसाद पुत्र श्री दोलाजी, आयु-वयस्क, निवासी-श्यामपुर, सीहोर, म.प्र., आयु-वयस्क, निवासी-श्यामपुर, सीहोर, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 185/1/3(S) रकबा 0.5850 हैक्टेयर, अर्थात् 1.44 एकड़/डेसिमल भूमि, इस प्रकार सभी भूमि-स्वामियों के खसरों का कुल रकबा 1.464 हैक्टेयर अर्थात् 3.61 एकड़/डेसिमल भूमि जो ग्राम श्यामपुर में रोड से लगकर 174 फिट फ्रट के साथ, पटवारी हल्का श्यामपुर, तहसील श्यामपुर, जिला सीहोर म.प्र. में स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु टोकन/बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त सम्पत्ति/भूमि के संबंध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी या गैर सरकारी सस्था एवं भूमि भूमि-स्वामि आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या वाद विवाद या हिबा, दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबंध, हस्तांतरण विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकारगण उक्त वर्णित सम्पत्ति/भूमि के पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वतंत्र रहेगें।

भवदीय
राजेन्द्र सक्सेना अधिवक्ता
सक्सेना लॉ चेम्बर
कार्या:-शॉप नं. 58, हनुमान मंदिर केम्पस, करोन्द भोपाल
मो.8959237282

### ग्राम कुमड़ावदा में बनेगा मांगलिक भवन, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया भूमि पूजन

# आष्टा और जावर तहसील में 54 मांगलिक भवन स्वीकृत, 25-25 लाख की लागत से होगा निर्माण



**जागरण, आष्टा।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के प्रयासों के चलते विकास कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में लगातार किए गए प्रयासों से मध्य प्रदेश शासन द्वारा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 54 ग्रामों को 25-25 लाख की लागत से मांगलिक भवन स्वीकृत करने में विधायक सफल हुए। शुक्रवार को आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम कुमडावदा पहुंचकर स्वीकृत मांगलिक भवन निर्माण का भूमि पूजन किया।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि मध्य प्रदेश में आपकी सरकार आपके विकास के लिए लगातार सौगात दे रही हैं। आपका विधायक जिसे आपने चुनकर विकास की सौगातें लाने के लिए मध्य प्रदेश की विधानसभा में भेजा हैं। लगातार किए जा रहे हैं प्रयासों से और आप सबके आशीर्वाद से आष्टा विधानसभा क्षेत्र को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कई विकास की सौगातें स्वीकृत की गई हैं। इसी कड़ी में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 54 ग्रामों के लिए 25-25 लाख की लागत से बनने वाले मांगलिक भावनो की भी स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। इसी के तहत आज ग्राम कुमड़ावदा में यहां के ग्रामीणों द्वारा जो सामाजिक धार्मिक या अन्य कार्यक्रमों के लिए एक स्थान की कमी महसूस की जा रही थीं। अब यह कमी उक्त मांगलिक भवन के निर्माण से पूर्ण होगी। 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस मांगलिक भवन का विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर राकेश मेवाड़ा, ओमप्रकाश धाकड़, बाबूलाल धाकड़, राकेश, विष्णु परमार, गंगाराम बामनिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थें।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दोनों चालकों की मौत



**जागरण, आष्टा।** आष्टा-कन्नौद मार्ग पर शहीद भगतसिंह महाविद्यालय के सामने दो बाइक आपस में टकरा गई, जिसके परिणाम स्वरूप दोनो बाइल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम किया हैं।

टीआई गिरिश दुबे बताया कि आष्टा कन्नौद मार्ग पर शहीद भगतसिंह महाविद्यालय के सामने दो बाइक, जिनका क्रमांक एमपी 37 एमवी 2723 एवं एमपी 37 एमएक्स 4148 आपस में भीड़ गई, जिसके चलते बाइक सवार नीलेश पिता मुकेश मालवीय निवास कासमपुर पोस्ट मुगली सीहोर एवं दूसरा बाइक सवार अनारसिंह पिता हिम्मतसिंह निवासी कुंडीखाल, जो किलेरामा में हाली का कार्य करता हैं, की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे बाइक सवार के संबंध में जानकारी ली जा रही हैं। घटना की जानकारी मिलते पुलिस मौके पर पहुंची। दोनो शव को शव परीक्षण हेतु सिविल अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनो बाइक सवार तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थें।

## मुनि विश्वसूर्य सागर ने दिया स्वाद पर संयम रखने का संदेश

**जागरण, आष्टा।** नगर के दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने दस दिवसीय निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर के चौथे दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर धर्म पुरुषार्थ के माध्यम से साधकों को सिद्धालय की यात्रा कराने का प्रयास है।

मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि यदि सुंदरता देखनी है तो शरीर की नहीं, वीतरागता की देखें। इससे आत्मा की विशुद्धि बढ़ेगी। लेकिन आज मनुष्य राग बढ़ाने वाली वस्तुओं को अधिक देख रहा हैं। मुनिश्री ने कहा कि आचार्य भगवान जीव और अजीव का विवेचन कर रहे हैं। आत्मा बीस प्रकार के विषयों का आनंद लेती है। पाँच इंद्रियाँ होती हैं, जिनमें स्पर्श इंद्रिय के आठ विषय हैं। आपने बताया कि ज्ञान का वास्तविक आनंद आत्मा के भीतर भरा हैं, लेकिन मनुष्य उसे बाहर खोजता है। जिस आनंद को आप भगवान और मुनिराज से मांगते हैं, वही आनंद आपके हृदय पटल पर आत्मा में विद्यमान हैं।

मुनिराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे ठंडी या कठोर वस्तु को छूने पर अलग-अलग अनुभूति होती हैं, वैसे ही स्पर्श इंद्रिय के विषय मनुष्य को बाँध लेते हैं। आपने महावत और हाथी का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे नकली हथिनी के मोह में हाथी गड्ढे में गिर जाता हैं, वैसे ही मनुष्य स्पर्श इंद्रिय के मोह में अपना आत्मकल्याण भूल जाता है। यदि स्पर्श इंद्रिय को भोग के बजाय योग में लगाया जाए, तो वही इंद्रिय संसार से पार लगाने का माध्यम बन सकती है।

मुनिश्री ने रसना इंद्रिय को सबसे खतरनाक बताते हुए कहा कि यह मुक्ति मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। नीरस भोजन करने से वासनाएं शांत होती हैं। आचार्यों के उदाहरण देते हुए बताया कि कई महापुरुषों ने वर्षों तक अत्यंत संयमित आहार से जीवन व्यतीत किया। आज मनुष्य ने अपने शरीर को नगर पालिका का कचरा पात्र बना लिया हैं और रसना इंद्रिय के वशीभूत होकर हर वस्तु ग्रहण कर रहा हैं ऐसा कहते हुए उन्होंने स्वाद पर संयम रखने का संदेश दिया।

मुनिराज ने अन्न के अपमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पसंद का भोजन न मिलने पर थाली फेंक देना अन्न का घोर अपमान है। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि पौष्टिक भोजन छोड़कर चाइनीज, मैगी जैसे अपदार्थों की ओर बढ़ना आत्मविनाश का मार्ग है। गंध इंद्रिय पर बोलते हुए आपने भंवरे का उदाहरण दिया, जो सुगंध के मोह में अपने प्राण गंवा देता हैं।

## वीआईटी विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के तहत सामुदायिक कल्याण में दिया सहयोग



**वाईस प्रेसीडेंट शंकर विश्वनाथन की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम**

**जागरण, आष्टा।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के तहत जिले के लसुड़िया खास ग्राम को सीमेंट की कुर्सियों का सहयोग वीआईटी के वाईस प्रेसीडेंट शंकर विश्वनाथन की उपस्थिति में किया। सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं।

डॉ. शरदचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सहयोग ग्राम के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से किया गया हैं, जिससे स्थानीय समुदाय को सहयोग मिल सके। यह पहल जमीनी स्तर पर आवश्यक जरूरतों को पूरा करने तथा आसपास के गांवों के कल्याण में योगदान देने के लिए वीआईटी के समर्पण को दर्शाती हैं। वाईस प्रेसीडेंट श्री विश्वनाथन ने कहा कि ग्राम में सुविधाओं के उन्नयन के माध्यम से सामूहिक अवसरों के दौरान ग्रामीणों को अधिक सुविधा और आराम उपलब्ध कराने का उद्देश्य हैं। योगदान समुदाय की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करेगा तथा समग्र सामुदायिक कल्याण में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से वीआईटी विश्वविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास और समावेशी प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करता आ रहा है। विश्वविद्यालय ग्रामीण समुदायों के साथ निकटता से कार्य करते हुए सार्थक एवं दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव सृजित करने का प्रयास करता हैं। वीआईटी शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक सहभागिता में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्नत भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के साथ साझेदारी कर सतत विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

## मार्डन स्कूल में बसंत पंचमी पर की गई सरस्वती पूजन



**जागरण, आष्टा।** बसंत पंचमी पर संस्था मार्डन पब्लिक स्कूल में माँ सरस्वती पूजन के साथ ही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं ज्ञान प्राप्ति के लिये प्रार्थना सभा का अयोजन किया। संस्था के प्राचार्य शैलेंद्रसिंह ठाकुर ने शिक्षको के साथ विधिविधान से माँ सरस्वती का आव्हान कर पूजा की। विद्यार्थियों ने कतारबद्ध तरिके से माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर अपने ज्ञान प्राप्ति हेतु प्रार्थना की एवं प्रसादी वितरित की। शिक्षको ने विद्यार्थियों के भविष्य के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेंद्रसिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान आदि मौजूद थें।

## हंगामे के बाद बिजली कंपनी को वापस लगाने पड़े पुराने मीटर

**जागरण शाजापुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित द्वारकापुरी कॉलोनी में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली कंपनी की टीम को स्थानीय रहवासियों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। बिना किसी पूर्व सूचना के मीटर बदलने की कार्रवाई से नाराज लोगों ने काम रुकवा दिया। रहवासियों के आक्रोश के आगे बिजली कंपनी के कर्मचारियों को झुकना पड़ा और अंततः लगाए गए नए स्मार्ट मीटर उतारकर दोबारा पुराने मीटर ही इंस्टॉल करने पड़े।

### बिना सूचना कार्रवाई से भड़के लोग

रहवासियों का आरोप है कि बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने उन्हें विश्वास में लिए बिना ही पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया था। कॉलोनी में अधिकांश घरों में अस्थायी बिजली कनेक्शन हैं और सभी मीटर एक ही स्थान पर गुच्छे में लगे हुए हैं। रहवासियों ने आशंका जताई कि स्मार्ट मीटर लगने से उनके बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि हो जाएगी। उनका कहना है कि अस्थायी कनेक्शन होने के कारण पहले से ही उन्हें 5 से 10 हजार रुपए तक का बिल भरना पड़ रहा है, और स्मार्ट मीटर इस बोझ को और बढ़ा देगा।

### खुले तारों से हादसे का डर, खंभे लगाने की मांग

विरोध का एक बड़ा कारण सुरक्षा और बुनियादी ढांचे का अभाव भी है। जिस स्थान पर मीटर लगाए जा रहे थे, वहां करीब 40 से 50 मीटर एक साथ लगे हैं। इन मीटरों से घरों तक जाने वाले तार खुले पड़े हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक हैं। रहवासियों के अनुसार, इन तारों में आए दिन करंट की घटनाएं होती रहती हैं और किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की मांग है कि पहले बिजली के खंभे लगाकर घर-घर मीटर लगाने की स्थायी व्यवस्था की जाए, तभी वे स्मार्ट मीटर स्वीकार करेंगे।

### अफसरों को लौटना पड़ा बैरंग

हंगामे की सूचना मिलते ही बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन रहवासी अपनी मांगों पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद इंजीनियर दीपक बैरागी ने बताया कि रहवासियों की कड़ी आपत्ति के चलते स्मार्ट मीटर हटाकर वापस पुराने मीटर लगा दिए गए हैं। फिलहाल वार्ड 25 में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रोक दी गई है।

# शादी में गए परिवार के सूने घर से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी ले उड़े चोर



### घर में अस्त-व्यस्त पड़ा मिला सामान।

**जागरण शाजापुर।** एक तरफ परिवार देवास में शादी के जश्न और शहनाईयों की गूंज के बीच खुशियां मना रहा था, वहीं दूसरी तरफ शाजापुर में चोर उनके सूने आशियाने को निशाना बना रहे थे। चोरों की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परिवार के घर से निकलते ही, महज तीन-चार घंटों के भीतर उन्होंने ताले तोड़े और लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गए। घटना शाजापुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आला उमरोद की है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी।

### मात्र 4 घंटे में वारदात को दिया अंजाम

फरियादी संतोष वर्मा जो पेशे से ड्राइवर हैं, ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोष ने बताया कि 22 जनवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे वे अपनी पत्नी पवित्रा वर्मा के साथ देवास में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। घर सूना था और मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाया और बेखौफ होकर घर में दाखिल हो गए।

### भाई के फोन ने उड़ाई नींद

शादी का माहौल उस वक्त तनाव में बदल गया, जब रात करीब 8.44 बजे संतोष के बड़े भाई सुनील उर्फ रवि वर्मा ने उन्हें फोन किया। सुनील ने घबराई हुई आवाज में बताया कि घर के ताले टूटे हुए हैं। यह सुनते ही संतोष और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। वे कार्यक्रम छोड़कर तुरंत आला उमरोद लौटे। घर पहुंचकर देखा तो मुख्य दरवाजे और अंदर अलमारी के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था।

### पुश्तैनी जेवरात और आधुनिक गैजेट्स सब गायब

चोरों ने घर को पूरी तरह खंगाल डाला। संतोष वर्मा के अनुसार, अलमारी से सोने-चांदी के कई कीमती और पुराने जेवरात गायब हैं। चोरी गए सामान की सूची में सोने की झुमकी, करोंदा, चांदी की पायजब (पायल), अंगूठियां और छोटे बच्चे के कड़े व पट्टी शामिल हैं। इसीके साथ एलसीडी टीवी और होम थिएटर सहित लगभग 36,000 रुपये नकदी चोरी हुई है।

फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम पिपलिया सेंत में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन




**जागरण नलखेड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपलिया सेंत में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। गुरुवार को हिंदू महासम्मेलन का आयोजन गांव के ही श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। सम्मेलन में समाज सेविका रीना परमार ने संघ के पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से बताया उन्होंने संस्कारों के साथ परिवार को एक साथ भोजन करने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि धर्म जागरण जिला संयोजक भूपेंद्र परिहार ने संघ की स्थापना 1925 से लेकर सौ वर्ष की यात्रा व प्रकल्प को विस्तार से समझाया। सम्मेलन के प्रमुख वक्ता संत ध्रुव व्यास आगर ने हिंदुओं को एक संगत एक पंगत का मंत्र दिया। उन्होंने बांग्लादेश की घटना का उल्लेख करते हुए एक जुट रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र का पूजन व गौ माता का पूजन कर किया गया।

# समाज को लंबे समय तक याद रहेंगे हिंदू सम्मेलन




**हिंदू सम्मेलन में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को बसंतोत्सव पर किया गया पुरूस्कृत**

**जागरण शाजापुर।** सनातन संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों से समाज को परिचित करवाने वाले हिंदू सम्मेलन लोगों को लंबे समय तक याद रहेंगे। समाज में समरसता का वातावरण निर्मित करने और सभी को एकजुट करने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय.समय पर होते रहना चाहिए। संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत मनाए गए इस महा महोत्सव की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उक्त बातें स्थानीय बैरछा रोड़ स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य विमल जैन ने कही। इस अवसर पर संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक सुभाष मंडलोई, सहसंयोजक मंगल नाहर, राम प्रसाद पाटीदार, कोषाध्यक्ष चंचलनाथ योगी तथा संरक्षक नितिन गोठी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों व स्कूल स्टाफ के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में उन्नति.प्रगति और विकास ज्ञान के बिना संभव नहीं है और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद हर असंभव को संभव बना देता है। उनकी आराधना का महोत्सव बसंत पंचमी सभी के लिए एक मंगलकारी दिन है। इस दौरान गत 10 जनवरी को महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति प्रेरित आपरेशन सिंदूर पर प्रभावी नाट्य मंचन की प्रस्तुति देने वाले स्कूल के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर समिति पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन में सहभागिता के लिए विद्यालय परिवार को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर सहसंयोजक मंगल नाहर ने हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से समस्त विद्यार्थियों तथा विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका वंदना वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था प्रभारी श्रीमती अंजू शुक्ला, शिक्षक निलेश जोशी, शिक्षिका श्रीमती सारिका भावसार, विद्या सोनी, आंचल शुक्ला, रोशनी सोनी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण व स्कूल स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## शुजालपुर में धूमधाम से मनी सम्राट राजा भोज की जयंती



**जागरण शुजालपुर।** क्षत्रिय श्री राजा भोज सेवा संगठन के तत्वाधान में शुक्रवार को सम्राट श्री राजा भोज की जन्म जयंती नगर में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गयाए जिसमें समाज के युवाओंए वरिष्ठजनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ किशन दीप गार्डन से हुआए जो नगर के प्रमुख मार्गोंकृकाली माता चौराहा, अकोदिया नाका, श्रीनगर रोकड़िया सरकार, टिमटिम, कॉलेज मार्ग से होते हुए जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान पूरे नगर में जय सम्राट राजा भोज और श्जय परमार समाजश् के जयघोष गूंजते रहे।

**परमार समाज के गौरव का प्रतीक बनी रैली**-इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्राट राजा भोज केवल एक महान शासक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा और न्याय व्यवस्था के सशक्त प्रतीक थे। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि परमार समाज आज भी संगठितए जागरूक और अपनी विरासत के प्रति सजग है।

### जटाशंकर महादेव पर पूजन व विचार गोष्ठी

रैली के समापन पर जटाशंकर महादेव मंदिर में विधिवत मां सरस्वती वाग्देवी की पूजा.अर्चना की गई। इसके पश्चात सम्राट राजा भोज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन पं. सागर जी शास्त्री द्वारा किया गया। उन्होंने अपने ओजस्वी वक्तव्य और सधे हुए मंच संचालन से कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

मंच से समाज में एकताए संगठन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो राजा भोज जैसे महापुरुषों के आदर्शों को अपनाना होगा और सामाजिक एकता को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## न्यूज कार्नर

### पीएमश्री शाला में किया ज्ञान की देवी का पूजन

**हाटपीपल्या।** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपीपल्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं द्वारा बसंत पंचमी का पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम गुरुजी राजेन्द्र द्विवेदी और हर्षा जोशी द्वारा मंत्रोच्चार व विधि-विधान पूर्वक मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात सभी शिक्षकों और छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना की गई। उप प्राचार्य अनिल कुंभकार व गुरुजी ने बसंत पंचमी के बारे में विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी। शिक्षिका प्रीति चौधरी ने अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन मुफीद एहमद मंसूरी ने किया व आभार प्रेमनारायण पाटीदार ने माना।

### छापरवाल अध्यक्ष एवं जाजू बनी सचिव



**सोनकच्छ।** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव मंगलवार को चुनाव पर्यवेक्षक रचना झंवर देवास की उपस्थिति में संपन्न हुए। चुनाव में सर्वसम्मति से साधना छापरवाल अध्यक्ष तथा मंजू जाजू सचिव चुनी गई। अन्य पदों पर किरण नागोरी कोषाध्यक्ष, रेखा चांडक उपाध्यक्ष, अनिता दरक संगठन मंत्री, कोमल चांडक प्रचार प्रसार मंत्री, ममता राठी सहसचिव एवं सीमा राठी सांस्कृतिक सचिव निर्वाचित हुई। इस अवसर पर युवा सदस्यों को जोड़कर मंडल का विस्तार किया गया। पर्यवेक्षक रचना झंवर का मंडल की ओर से सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों एवं वरिष्ठजनों ने शुभकामनाएं दी।

### पंचायत भवन में विधिक शिविर आयोजित



**सोनकच्छ।** गुरुवार को ग्राम सांवेर के पंचायत भवन में प्रथम जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राघवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ न्यायाधीश दशरथसिंह भिड़े ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया। न्यायाधीश भिड़े ने शिविर को संबोधित करते हुए नालसा एवं सालसा की योजनाएं, निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता योजना, नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत के वरिष्ठजन महेश पाटीदार, श्रीराम व्यास, सरपंच अयोध्या बाई, सचिव अंबाराम मालवीय, हल्का पटवारी आशुतोष व्यास, विधिक सेवा कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

### पीले पुष्प व वस्त्र में नजर आए बाबा श्याम



**भौंरासा।** बसंत पंचमी पर सुबह से ही नेवरी फाटे पर स्थित बाबा श्री खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों का सैलाब देखने को मिला। बाबा श्याम का पीते वस्त्र से श्रृंगार किया गया व अभिषेक किया गया। समिति सदस्य फूलसिंह पटेल ने बताया कि बाबा श्याम के अंगवस्त्र की ऐसी महिमा है कि बांझ की गोद भर दे व लोगों के कई काम यहां बनते है।

### श्रीमद् भागवत कथा का आज होगा शुभारंभ

**जागरण नागदा ।** श्रीमद् भागवत कथा समिति एवं ज्योतिर्मय सेवा संस्थान के तत्वावधान में कथावाचक पं. गौरांगी गौरी के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा एवं 21 कन्याओं का निःशुल्क विवाह का आयोजन शनिवार से प्रारंभ होने जा रहा हैं ।

# चंदन की अवैध कटाई व तस्करी करते 3 धराए



**देवास।** चंदन की अवैध कटाई और चोरी के मामले में पीपलरावां पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 12 किलो चंदन की लकड़ी जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अवैध चोरी, तस्करी और चंदन की कटाई में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया और एसडीओपी दीपा मांडवे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पीपलरावां टीआई सुबोध गौतम के नेतृत्व में पुलिस को 23 जनवरी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार डेहरिया बड़ली जंगल क्षेत्र में तीन व्यक्ति चोरी की अवैध चंदन की लकड़ी लेकर जाने की फिराक में खड़े थे। पीपलरावां पुलिस ने तत्काल दबिश दी और तीन आरोपी राजन उर्फ राजू पिता रूप सिंह धमधरा उम्र 38 वर्ष निवासी पीपलरावां, घासीराम पिता भागीरथ धमधरा उम्र 25 वर्ष और राधेश्याम पिता रमेश धमधरा उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी मीठी कुंडी पीपलरावां को मौके से पकड़ा। उनके कब्जे से चोरी की गई चंदन की लकड़ी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना पीपलरावां में धारा 303 (2) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया हैं।



# एक ही छत के नीचे हुए विवाह एवं निकाह

**देवास।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत शुक्रवार बसंत पंचमी पर नगर निगम द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में 81 कन्याओं का विवाह एवं निकाह का विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विधायक पवार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज विवाह के अवसर पर हमारी सरकार की ओर से प्रत्येक बेटी को कन्यादान स्वरूप राशि रुपये 49 हजार का चेक दिया गया। जिसकी राशि शासन द्वारा नव विवाहित बेटियों के निजी खातें ऑनलाइन अंतरित होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, गणेश पटेल, धमेंद्रसिंह बैस, भरत चौधरी, सुभाष शर्मा, रूपेश वर्मा, बाबू यादव, शुभम चौहान, सुरेश सिलोदिया, देवेन्द्र नवगोत्री, मधु शर्मा, सचिन जोशी, मनीष सोलंकी, सीमा सोलंकी, नवीन सोलंकी, विपुल अग्रवाल, पुष्पलता सोनगरा सहित निगम अधिकारी-कर्मचारी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पेयजल में लापरवाही पर नगर परिषद के इंजीनियर निलंबित



**सोनकच्छ।** पेयजल की आपूर्ति एवं पेयजल यंत्रों के संधारण में लापरवाही तथा शासन के निर्देशों को पालन नहीं करने पर नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर जितेंद्र मारू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मारू का निलंबन शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन संभाग के संयुक्त संचालक राजीव निगम द्वारा जारी आदेश क्रमांक स्था./शा-01/2026/251 से निलंबित किया जाकर स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा नप में विगत दिवस पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान पाया था कि शासन के निर्देशों के उपरांत भी नगर के ओवरहेड टंकियों की सफाई तथा पेयजल में नियमानुसार ब्लिचिंग पावडर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जांच में पेयजल में क्लोरिन की मात्रा शून्य पाई गई। इसी प्रकार डब्युरापीटी एवं फिल्टर प्लांट पर स्टार्टर तथा वायरिंग अस्त व्यस्त पाई, जिससे दुर्घटना संभावित है। इंजीनियर मारू द्वारा नगर में पेयजल की आपूर्ति तथा पेयजल यंत्रों के संधारण में घोर लापरवाही करते शासन के निर्देशों को पालन नहीं किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने विकास कार्यों एवं शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

### चापड़ा चौराहा पर ड्रेनेज सिस्टम ठीक करने एवं अतिक्रमण हटाने के निर्देश



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चापड़ा ग्राम पंचायत में चल रहे हरदा-इंदौर एनएच के कार्य प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं समयसीमा में होना चाहिए। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने लेआउट के माध्यम से संपूर्ण जानकारी दी। एनएच के कार्य का अवलोकन कराया गया और कार्य में आ रही समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ग्राम गुराड़िया कला में तालाब का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे नागरिकों पर दण्ड लगाने संबंधी कार्यवाही के निर्देश संबंधित पटवारी को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि क्षेत्र में बने कोल्ड स्टोरेज व गोदाम से समय पर डायवर्जन शुल्क ले। उन्होंने चापड़ा में मुख्य चौराहे का निरीक्षण कर चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम ठीक करने के निर्देश दिए, जिससे पानी ना भर पाए। उन्होंने चौराहे पर लेफ्ट टर्न से अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये, जिससे चौराहा बड़ा बन सके तथा दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को चौराहे पर बने पुराने सुलभ शौचालय को हटाने के निर्देश देकर नया शौचालय बनाने के लिए कहा। एसडीएम को निर्देश दिए कि नाले पर बने सभी अतिक्रमण को हटाया जाए। चापड़ा ग्राम पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान सरपंच नाथूसिंह सेंधव द्वारा पंचायत में किए गए कार्यों की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने सेंधव के कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने पंचायत भवन के पास बने तालाब का निरीक्षण किया और तालाब से गाद निकालने तथा तालाब के उपर से निकल रहीं विद्युत लाईन को हटाने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने खातेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कोई बचपन की स्कूल टाई लाया तो कोई टिफिन

### शिशु विहार के 1986 बैच के विद्यार्थियों का मिलन समारोह संपन्न




**देवास।** शिशु विहार स्कूल देवास के 1986 बैच के विद्यार्थियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में संक्रांति, खेलकूद से लेकर स्कूल की क्लास भी बकायदा अपनी उस जमाने की शिक्षिकाओं को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर लगी और उस बैच के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल दिनों का आनंद लिया। क्लास में मस्ती भी की और सभी ने अपने बचपन की, स्कूल की आदतों को साक्षात फिर से जिया, उसके सहभागी बने। कार्यक्रम में मुकेश अपने साथ स्कूल की टाई लेकर आए, तो शकील अपना स्कूल का लंच बॉक्स दिखाकर सभी को उस युग में ही ले गए। इस पूरे आयोजन की संकल्पना भावना नेवासकर, हर्षा गोखले, शकील और नीरव चावला ने की थी, जिसे हकीकत में राकेश जाजू और उनकी टीम ने साकार कर दिखाया। कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट, नींबू रेस, रस्साकशी प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं का सम्मान भी किया गया। साथ ही उस समय प्राचार्य रहे स्व. पांडे सर का सम्मान उनके सुपुत्र दीपक पांडे को दिया गया। सभी शिक्षिकाओं ने भावविभोर होकर विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारे शिक्षक जीवन का स्वर्णिम काल था और ये सब हमारे स्वर्णिम बच्चे, जो हमारी डांट और मार खाते थे, तब भी सम्मान ही करते हैं। उक्त जानकारी सलीम अपना ने दी।

# फर्जी तरीके से सरकारी जमीन स्कूल को बेची

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**देवास।** ग्राम नापाखेड़ी के ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि ग्राम नापाखेड़ी की शासकीय चरनोई भूमि एवं शासकीय कांकड़ की भूमि पर राधेश्याम, पवित्राबाई, निलेश एवं राहुल द्वारा अवैध कब्जा कर असत्य फर्जी पट्टा एवं दस्तावेज बनाकर उक्त जमीन को मालिकाना हक कूटरचित दस्तावेज के आधार पर गांव के लोगों को अवैध रूप से शासकीय जमीन की अवैध रजिस्ट्री करता है। जबकि उक्त चरनोई की भूमि ग्रामीण की गोचर भूमि के लिए शासन द्वारा निर्धारित की है, उस पर अवैध अतिक्रमण कर इन लोगों द्वारा गाँव में कब्जा कर सर्वे नम्बर 465/1 रकबा 2.630 पर कर उक्त जमीन सांदीपनी स्कूल नापाखेड़ी को विक्रय की गई है। जबकि उक्त भूमि चरनोई के रूप में राजस्व रेकार्ड में दर्ज है। इसी प्रकार सर्वे नम्बर 494/2 रकबा 6.67 की भूमि पर भी लगातार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर असत्य दस्तावेज तैयार कर अन्य ग्रामीणों को बेच रहा है, जो कि एक अपराध है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायतें की गई है और जो ग्रामीण इसकी आपत्ति दर्ज करवाता है, इनके विरुद्ध वह असत्य शिकायत जनसुनवाई में करता है, जिससे कि वह जो अतिक्रमण करके अवैध व्यापार करता है, शासकीय भूमि बेचने का उस पर कोई विरोध न करें तथा तथा ग्रामवासी जब शासकीय भूमि बेचने से मना करने पर वह अपनी पत्नि पवित्राबाई एवं अन्य महिलाओं को आगे कर झूठे अपराध में रिपोर्ट दर्ज करने की हमेशा धमकी देता हैं। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में आपत्ति दर्ज करवाई थी, जिस पर से तहसीलदार द्वारा राजस्व न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर अतिक्रमण हटाया गया था, जिस पर पुनः किसी अन्य लोगों के माध्यम से इन लोगों द्वारा कब्जा करवाया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध रूप से शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर फर्जी दस्तावेज बनाकर विक्रय की गई भूमि की जांच करवाई जाए। इस अवसर पर बालू काका, श्याम, मौसम, धर्मेन्द्र, गोपाल आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# हनीट्रेप के फरियादी पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज

### युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**देवास।** पिछले दिनों जिस युवक ने नाहर दरवाजा थाने पर प्रापर्टी व्यवसाय से जुडी एक युवती के खिलाफ हनीट्रेप का मामला दर्ज कराया था और इस मामले में युवती जेल भी गई थी। उसी युवती द्वारा इंदौर जिले के क्षिप्रा थाने पर हनीट्रेप के फरियादी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, जबरन वसूली व धमकी का प्रकरण दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। क्षिप्रा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भावेश ठाकुर निवासी राजौदा जिला देवास अप्रैल 2025 से उसके यहां ड्राइवरी का काम करता है और जून 2025 में वह भावेश के साथ क्षिप्रा थाना क्षेत्र में स्थित एक रिसोर्ट में जन्मदिन की पार्टी में आई थी, तभी कोल्ड्रिंग में उसे नशीला पदार्थ पीला दिया और भावेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर इसी क्षेत्र सहित कार में भी दुष्कर्म करता रहा। इतना ही नहीं साढ़े 3 लाख रुपये भी वसूल लिए। इस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 642 एम, 308 (2), 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर भावेश को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने भावेश को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में क्षिप्रा टीआई कैलाश सोलंकी ने बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में भावेश ठाकुर पर दुष्कर्म व जबरन वसूली की बात कही थी, जिसके आधार पर युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जिला मुख्यालय पर कलेक्टर करेंगे झंडावंदन

**देवास।** जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड देवास में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह झंडावंदन कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रातः 08.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा झंडावंदन, सलामी एवं राष्ट्रगान, 9.08 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री के संदेश वाचन, 9.35 बजे परेड, 9.50 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.15 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 10.40 बजे पुरस्कार वितरण तथा इसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# थाईलैंड की आरएफई टीम का स्वागत कर ध्वज विनिमय सम्पन्न

**सोनकच्छ।** रोटरी क्लब द्वारा रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत थाईलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का शुक्रवार को इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित एक रिसोर्ट में स्वागत किया। दोनों देशों के क्लबों के बीच ध्वज विनिमय का आयोजन हुआ, जिसमें रोटरी की वैश्विक एकजुटता और सेवा के संदेश को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आरएफई कोऑर्डिनेटर पीडीजी अनीश मलिक ने किया। थाईलैंड से रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मंडल 3330 एवं रोटरी मंडल 7090 से पधारे प्रतिनिधिमंडल में आरएफई चेयर अंचली अमोर्नसिन, पीडीजी बॉब आर्टिस आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान रोटरी की अंतर्राष्ट्रीय मित्रता, सेवा भावना एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। टीम का परिचय पीडीजी मलिक ने कराया। स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष राठौर ने दिया। क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर एवं थाईलैंड टीम की लीडर अमोर्नसिन ने एक-दूसरे को अपने-अपने क्लब के ध्वज भेंट किए। सत्यनारायण लाठी, संजय सेठी, अमरसिंह मालवीय आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने किया।



# श्री विश्वकर्मा मंदिर में प्रतिभावान बच्चों और समाजसेवियों का सम्मान

**देवास।** श्री विश्वकर्मा मंदिर (धाम) महावीर नगर देवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गत वर्ष सितंबर माह में निकाले गए विशाल चल समारोह को सफल बनाने में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक बंधुओं को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पार्षद आलोक साहू थे। विशेष अतिथि के रूप में सर्वश्री विश्वकर्मा वंशज संगठन अध्यक्ष पीडी शर्मा, छगनलाल मिस्त्री, शांतिलाल विश्वकर्मा, राधेश्याम पांचाल, छगनलाल पिपलोदिया, देवकरण शर्मा, माया शर्मा, उर्मिला शर्मा आदि थे। भगवान विश्वकर्मा के पूजन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। प्रारंभ में गणेश वंदना श्रुति पालेचा और साथी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में 100 से अधिक वरिष्ठजनों, सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रतिभावान खिलाड़ियों, विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी अध्यक्ष राकेश बरानिया ने दी।

# आयुक्त ने किया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण



**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम द्वारा जल अभियान के तहत वार्डो में निगम द्वारा किये जा रहे पानी के सप्लाय का सैम्पल लिया जाकर लेब मे भी टेस्ट कराकर गुणवत्ता की जांच की जा रही है। आयुक्त ने वार्डो में भ्रमण के दौरान रहवासियों से भी पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर फीडबेक लिया, जिसमें रहवासियों द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा सप्लाय किये जा रहे पीने का पानी गुणवत्तायुक्त मिल रहा है। आयुक्त ने क्षिप्रा स्थित नवीन निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षक निगम अधिकारियों के साथ किया। निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य धीमी गति से होने पर कार्य कर रही फर्म को कार्य मे प्रगति लाने हेतु कहा तथा संबंधित अधिकारी को कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। क्षिप्रा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर स्थित लेब टेस्टिंग का निरीक्षण आयुक्त ने किया, जहां देवास शहर में लेब टेस्ट के पश्चात पानी की गुणवत्ता की जांच उपरांत पीने का पानी दिया जाता है।



### सावधान जाहिर सूचना का खंडन

हमारे पक्षकार स्व. असीम पंडित पिता नरेंद्र प्रसाद पंडित के वारीसान द्वारा अधिकृत किए जाने पर, अभिभाषक ठाकुर महेंद्र सिंह जादौन द्वारा उनके पक्षकार श्री जितेंद्र पिता मुरलीधर मकवाना की ओर से यह प्रकाशित करवाई गई हैं कि असीम पिता नरेंद्र प्रसाद पंडित के द्वारा कृषि भूमि ग्राम पटवारी हल्का नम्बर 1 की सर्वे नंबर 754/5,7,8, 753/9/1, 807/1/5/1, 807/1/7/1 सौदा चिट्ठी निष्पादित की गई। स्व. असीम के द्वारा किए निष्पादन किए जाने की कोई स्वीकारोक्ति हमारे पक्षकारगण द्वारा नहीं की जा रही है। आमजन के सूचनार्थ यह जाहिर सूचना का खंडन किया जा रहा है। असीम पंडित के मालकी स्वत्व की व्यक्तिगत कोई कृषि भूमि नहीं है, यह सारी पैतृक संपत्ति है, जिसमें हमारे पक्षकारगण का वैधानिक वंशानुगत अधिकार निहित है तथा असीम पंडित को या अन्य किसी को भी उक्त जमीन को बिक्री करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। भ्रामक सौदा चिट्ठी के उपरांत कोई अनुबंध पत्र का हवाला भी नहीं दिया गया है, कोई वैधानिक लेख अस्तित्व में होना अस्वीकार है। हमारे पक्षकारगण अपने मालकी स्वत्व की कृषि भूमि का सौदा किसी को भी करने हेतु पूर्ण रूप से सक्षम एवं स्वतंत्र है। इस प्रकार की भ्रामक सूचना जितेंद्र पिता मुरलीधर मकवाना को प्रकाशित करवाने का कोई अधिकार नहीं है।

**राजेंद्र बापट अभिभाषक**

चेंबर नंबर 8 चेंबर बिल्डिंग जिला न्यायालय परिसर देवास मो.नं. 94250-48412